## मप्र प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति गठित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्था प्रवेश का विनियमन एवं शुल्क का निर्धारण अधिनियम में निहित प्रावधानों के तहत राज्य शासन ने मध्यप्रदेश प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति का गठन किया है। समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में कुलपति जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर डॉ. राजकुमार आचार्य को अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में सचिव/अतिरिक्त सचिव, विधि एवं विधायी कार्य,वित्त विभाग अथवा नामांकित अधिकारी एवं संचालक चिकित्सा शिक्षा सदस्य होंगे। संचालक/अतिरिक्त संचालक, तकनीकी शिक्षा को समिति का सदस्य-सचिव नामित किया गया है।

**सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब द्वारा राष्ट्रीय मीडिया संवाद एवं लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड समारोह -2026**

# पत्रकार दीवार बनकर अवमूल्यन रोकें : तोमर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पत्रकारिता ही नहीं वर्तमान परिस्थितियों में जीवन का हर क्षेत्र अवमूल्यन से गुजर रहा है। समय-समय पर लोग प्रयत्न करते हैं कि यह क्षरण रुके और मूल्य स्थापित हों। यह मिली-जुली प्रक्रिया चलती रहती है। इसी के कारण संतुलन बना रहता है।

पत्रकारिता सभी को दिशा देने का काम करती है और यह उसकी जिम्मेदारी भी है। पत्रकार विचार करें कि मूल्यांकन के इस दौर में वे कैसे दीवार बनकर अवमूल्यन को रोक सकते हैं और मूल्य की स्थापना में अपना योगदान दे सकते हैं। पत्रकार स्वयं से जितना यह सवाल करेंगे और इसका उत्तर खोजेंगे समाज का उतना ही अधिक दिग्दर्शन होगा।

मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने यह आग्रह सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मीडिया संवाद एवं लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड-2026 समारोह में मुख्य अतिथि के रूप बोलते हुए किया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष रघु ठाकुर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी के आतिथ्य में हुए इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव, एनके सिंह, राजेंद्र शर्मा, पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, राहुल देव, प्रमोद गोस्वामी, ललित शास्त्री, रामभुवन सिंह कुशवाह और सुधीर सक्सेना सहित वरिष्ठ पत्रकारों को उनकी सुदीर्घ पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग की कमान संभाल चुके आईएएस अधिकारियों एस.के. मिश्रा और राकेश श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया।

## मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की भेंट



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार सुबह लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से शुरू होने वाले एक माह के सेवा संकल्प अभियान की जानकारी दी। उन्होंने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन योजना-2026 के तहत प्रदेश के 50 लाख लोगों को पट्टे की पक्की रजिस्ट्री कराकर निःशुल्क वितरण के लिए सरकार की तैयारियों से भी अवगत कराया।

## इंदौर-उज्जैन के कार्यक्रमों की तैयारियों की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 17 सितंबर को इंदौर और उज्जैन में होने वाले दो बड़े आयोजनों की तैयारियों की बुधवार को समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से इंदौर और उज्जैन संभाग के जनप्रतिनिधियों, कमिश्नर्स और कलेक्टर्स से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने इंदौर में सेवा-संकल्प अभियान के शुभारंभ सहित अन्य कार्यक्रमों तथा उज्जैन में शाम को होने वाले दीपोत्सव और अन्य आयोजनों की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं माइक्रो प्लानिंग के साथ सुनिश्चित करने और किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अधिकारियों ने दोनों संभागों में कार्यक्रमों को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी दी।

## गांव-गांव पहुंचेगा विकसित भारत का संकल्प, जिला मुख्यालय पर होगा समापन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विकसित भारत के संकल्प और सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश गांव-गांव पहुंचाने के उद्देश्य से 7 अक्टूबर को 'सेवा ज्योति कलश यात्रा-विकसित भारत का संकल्प' निकाली जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक यात्रा निकलेगी, जो अधिक से अधिक कस्बों और गांवों से होकर गुजरेगी। यात्रा में कलश, कृत्रिम मशाल और प्रचार वाहन प्रमुख आकर्षण होंगे। प्रचार वाहन के माध्यम से विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। विधानसभा मुख्यालय पर स्थानीय कार्यक्रम के बाद सभी यात्राएं जिला मुख्यालय पहुंचेंगी, जहां भव्य समापन होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल संबोधन होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय और राज्य सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और आमजन शामिल होंगे।

### भारत रत्न सुब्बुलक्ष्मी की जयंती पर नमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की अमर साधिका, सुरों की साधना को समर्पित 'भारत रत्न' सुश्री एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी की जयंती पर पुण्य स्मरण कर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि सुश्री एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी के मधुर स्वरों में भक्ति, समर्पण और भारतीय संस्कृति की आत्मा का दिव्य स्पंदन अनुभव होता है।







मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com